अमर उजाला 26/11/2022

# टेलीविजन की तकनीक बताई

## कॉलेज में विद्यार्थियों ने मनाया टेलीविजन दिवस



अंतरराष्ट्रीय टेलीविजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र और शिक्षक। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के जन संचार व वीडियो प्रोडक्शन विभाग ने अंतरराष्ट्रीय टेलीविजन दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने किया। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु जन संचार विभाग को बधाई दी।

उन्होंने टेलीविजन में न्यूज एंकरिंग के साथ-साथ लाइटिंग तकनीक कैसे की जाती है, इन विषयों के बारे में जानकारी प्रदान की। वहीं जन संचार विभाग के संयोजक डॉ. चंद्रपाल पूनिया ने ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी विकास में हो रहे बदलाव के बारे में जानकारी देना बताया।

मंच संचालन की भूमिका मे विभाग की सहायक प्रवक्ता सोनम साहू ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कॉलेज के अन्य शिक्षक सीमा कंसल और रचना खन्ना सहित अन्य शिक्षक इस कार्यक्रम में शामिल हुए।